राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर – 302018

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः प.14(45)RSSB / अर्थना / त.शि. / कनि.अनु. / 2018 / 330 दिनांकः 03.03.2019

–:: प्रेस विज्ञप्ति ::–

कनिष्ठ अनुदेशक के पदों हेतु सीधी भर्ती परीक्षा–2018

बोर्ड के विज्ञापन संख्या 8 / 2018 दिनांक 25.04.2018 के द्वारा कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग (प्राविधिक शिक्षा प्रशिक्षण), राजस्थान के लिए राजस्थान तकनीकी प्रशिक्षण अधीनस्थ सेवा नियम, 1975 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत गैर–अनुसूचित एवं अनुसूचित क्षेत्र के विभिन्न संवर्ग के कनिष्ठ अनुदेशक के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। इस विज्ञापन में बोर्ड की पूर्व विज्ञप्ति संख्या 06 / 2016 दिनांक 16.09.2016 के क्रम में जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाईन आवेदन कर दिया था, उन्हें पुनः ऑनलाईन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होने का उल्लेख भी किया गया था। विज्ञापन संख्या 08 / 2018 दिनांक 25.04.2018 के बिन्दु संख्या 21 में कनिष्ठ अनुदेशकों के पदों पर भर्ती परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रम पूर्वानुसार यथावत रहेगा, जो बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध होने का उल्लेख भी किया गया था। बोर्ड की वेबसाइट पर Candidate Corner को क्लिक करने के बाद Syllabus को क्लिक करने के बाद Syllabus की लिस्ट में Syllabus for Junior Institutor 2016, Exam (Adv. no. 06/2016) Dated 16 Sept, 2016 सूचीबद्ध है और इसे क्लिक करने पर इन पदों (कोपा / मैकेनिक डीजल इंजन / इलेक्ट्रिशियन / इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक / फिटर / मैकेनिक रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कण्डीशनर / वेल्डर / वायरमैन / कार्यशाला गणना व विज्ञान) के लिए पाठ्यक्रम उपलब्ध है।

परीक्षार्थियों की भ्रांतियों के निवारण हेतु यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त पाठ्यक्रम विज्ञापन संख्या 08 / 2018 दिनांक 25.04.2018 में उल्लेखित पदों की भर्ती परीक्षा का पाठ्यक्रम ही है।

(डॉ. बी.एल.जाटावत)
अध्यक्ष